तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 8 मार्च 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 नानक सागर में 15 मार्च को होला महल्ला, गुरुद्वारा ...





14 वृंदावन में वार्षिक खेलकूद, पुरस्कार...




## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से एक बाइक सवार घायल हो गया। बसना पुलिस को हर्ष चंद्राकर निवासी ग्राम फरफौद ने बताया कि 27 फरवरी की शाम करीबन 07.20 बजे अपने मोटर सायकल होंडा शाइन क्रमांक सीजी 04 एलयू 2984 में अपने साथी भागवत यादव के साथ अपने काम से ग्राम गढ़पटनी जा रहा था, टाइल्स गोदाम के पास सामने से आ रही सफेद रंग का रेनाल्ट ट्राईबर क्रमांक सीजी 04 एमवी 5981 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चला कर उसकी मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, घटना में भागवत यादव के दाहिना पैर, घुटने के पास चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।



### भतीजे ने चाचा के साथ मारपीट की

**महासमुंद।** गाली गलौज करने से मना करने पर एक युवक ने अपने चाचा के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर सांकरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को देवारचंद भोई पिता साहबो भोई (55 साल) सल्डीह थाना सांकरा ने बताया कि 7 मार्च को 11 बजे वह अपने घर में था, तभी भतीजा मथामणी भोई अपने घर के सामने गाली-गलौज कर रहा था, जिसे उसके द्वारा मना किया गया। आरोपी ने गाली गलौज कर डंडे से प्रार्थी के सिर में मार दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# दो दिन जमकर बिकी शराब, शुष्क दिवस के बावजूद करोड़ों की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में शराब बिक्री के आंकड़ों और उससे जुड़ी अव्यवस्थाओं ने प्रशासन के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले में बीते कुछ दिनों के भीतर करोड़ों रुपये की शराब बिकी है, जिसका सीधा असर क्षेत्र की शांति व्यवस्था पर देखने को मिल रहा है। शुष्क दिवस घोषित होने के बावजूद शराब की उपलब्धता और अवैध बिक्री पर लगाम लगाने में पुलिस और आबकारी विभाग पूरी तरह सफल नजर नहीं आए हैं। आधिकारिक जानकारी और प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, जिले में शराब की खपत में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 3 मार्च, इस दिन जिले में कुल 4.89 करोड़ रुपये की शराब बेची गई। 5 मार्च, इस दिन भी बिक्री का आंकड़ा 2.27 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान 4 मार्च को प्रशासन द्वारा शुष्क दिवस के निर्देश जारी किए गए थे, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर शांति बनी रहे। लेकिन बिक्री के ये आंकड़े बताते हैं कि लोगों ने शुष्क दिवस से पहले या उसके दौरान बड़ी मात्रा में शराब का संग्रहण और क्रय किया। शहरों की तुलना में ग्रामीण अंचलों की स्थिति अधिक चिंताजनक बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव-गांव में अवैध शराब की कोचियागिरी सक्रिय है। शुष्क दिवस होने के बावजूद गली-मोहल्लों में 200 रुपए तक की कीमतों पर शराब उपलब्ध कराई जा रही थी। शासन के नियमों का पालन केवल कागजों तक सीमित रहा, जबकि धरातल पर अवैध बिक्री बेरोकटोक जारी रही।

## आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में शराब के कारण कलह बढ़ रही

### बदहाली-सामाजिक प्रभाव

शराब की इस बढ़ती खपत ने जिले में बदहाली की स्थिति पैदा कर दी है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में शराब के कारण कलह बढ़ रही है। एक ओर जहां सरकार को करोड़ों का राजस्व मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर आम जनता को असुरक्षा और हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। अवैध शराब के ठिकानों पर पुलिस की ढीली कार्रवाई ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।



### बिगड़ती कानून व्यवस्था और हिंसा

शराब की इस अत्यधिक खपत का सबसे बुरा असर जिले की कानून व्यवस्था पर पड़ा है। पिछले कुछ दिनों में शराब के नशे में विवाद और मारपीट के कई गंभीर मामले सामने आए हैं। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शराब पीकर आपसी रंजिश और घरेलू हिंसा के मामले बढ़े हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, शांति भंग करने और मारपीट के आरोप में दर्जनों लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुलिस प्रशासन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम रहा है। गश्त और निगरानी की कमी के कारण उपद्रवियों के हौसले बुलंद रहे।

## दिक्कत : सुविधाओं का नहीं मिल रहा लाभ, लग रही लंबी कतारें

# जिला सहकारी बैंक में एटीएम के बावजूद किसानों की बढ़ती भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भीषण गर्मी के इस मौसम में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के किसान भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। जिला सहकारी बैंक में पंजीकृत लगभग 1, 60, 118 किसानों में से करीब 90 प्रतिशत के पास एटीएम कार्ड की सुविधा उपलब्ध है, इसके बावजूद बैंकों में नगद निकासी के लिए किसानों की लंबी कतारें कम नहीं हो रही हैं। बैंक द्वारा अधिकांश किसानों को एटीएम कार्ड वितरित किए जा चुके हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में किसान इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। कई किसानों को एटीएम मशीन चलाने की प्रक्रिया पता नहीं है, तो कई किसान सुरक्षा कारणों से डरे रहते हैं। इसके कारण बैंक परिसर में लगी एटीएम मशीनें अधिकतर समय खाली रहती हैं, जबकि बैंक के भीतर काउंटर पर पैसे निकालने के लिए भारी भीड़ जमा रहती है। ग्रामीण इलाकों में किसानों की सुविधा के लिए शुरू की गई मोबाइल बैंकिंग एटीएम वैन भी अब गांवों तक नहीं पहुंच रही है। योजना के अनुसार, इन वैनों को दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर किसानों को उनके घर के पास ही बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करानी थी। मोबाइल एटीएम सेवा बंद होने या अनियमित होने के कारण किसानों को मजबूरीवश या अन्य साधनों से जिला मुख्यालय या ब्लॉक मुख्यालय स्थित बैंक शाखाओं तक आना पड़ता है।



### घंटों इंतजार की मजबूरी

वर्तमान में तापमान में बढ़ोत्तरी के कारण गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। बैंक शाखाओं में भीड़ अधिक होने के कारण किसानों को अपनी बारी के लिए कई घंटों तक धूप और उमस में खड़ा रहना पड़ता है। बैंक परिसरों में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था और ठंडे पानी की कमी किसानों की समस्या को और बढ़ा देती है।

### किसानों की प्रमुख समस्याएं

90 प्रतिशत किसानों के पास एटीएम होने पर भी वे केवल काउंटर से लेन-देन करना सुरक्षित समझते हैं। बैंक के एटीएम का उपयोग न होने से वे केवल प्रदर्शन की वस्तु बनकर रह गए हैं। बैंक प्रबंधन द्वारा डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए गांवों में जागरूकता शिविर नहीं लगाए जा रहे हैं। मोबाइल एटीएम वैन नहीं पहुंचने से किसानों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। किसानों की मांग है कि बैंक प्रबंधन गांवों में शिविर लगाकर एटीएम उपयोग करने की जानकारी दे और मोबाइल एटीएम वैन की सुविधा को फिर से सुचारू रूप से शुरू करे, ताकि उन्हें इस चिलचिलाती गर्मी में बैंक के चक्कर न काटने पड़ें।

# 9 ग्राम पाउडर के साथ पकड़े गए 4 बिना कार्रवाई छूटे


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पाउडर जहां से मिला वह युवक फरार, शहर के 4 लोगों पर कार्रवाई तक नही

शहर में शराब और गांजा के साथ अब ड्रग्स का नशा भी पैर पसार रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय पुलिस ने रविवार देर रात करीबन 1.30 बजे गंजपारा क्षेत्र से 4 लोगों को एक कार में सफेद पाउडर के साथ पकड़ा। जिसका वजन तकरीबन 9 ग्राम बताया जा रहा है और इसकी कीमत तकरीबन 45 हजार रुपए आंकी गई है।

मामले में पुलिस ने कार को अभिरक्षा में रखा 4 दिन तक आरोपियों से पूछताछ की और पुलिस अफसर लगातार इस मामले में संबंधितों पर कार्रवाई की बात करते रहे फिर अचानक इसे पुलिस द्वारा नशीला पदार्थ होने से ही इनकार किया जाने लगा। मामले में पुलिस ने कार को अब भी अभिरक्षा में रखा हुआ है और इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं कि डॉक्टर के सिंबॉल लगी कार में तौल करने वाले मशीन का क्या काम? युवकों की पिछले 5 दिनों से रोज पुलिस अफसरों के सामने पेशी हो रही है लेकिन, मामले में अब तक न तो कोई मामला दर्ज हुआ है और न ही कोई ठोस कार्रवाई हो पाई। इसके चलते पकड़े गए युवकों के हौसले बुलंदी पर हैं। लोगों की मानें तो अगर मामला कुछ नहीं तो पिछले 5 दिनों से इन युवकों और उनके परिजनों को पुलिस का बुलावा क्यों आता रहा। वहीं जिस कार को दबोचा गया उसे अब तक क्यों नही छोड़ा गया है। बता दें कि युवकों द्वारा लोगों को कुछ आंकड़े लोगों के सामने पेश किए जा रहे हैं। जिसे देने के बाद युवकों का सरेआम यह दावा है कि अब उन पर कोई कार्रवाई नही होगी। मामले की जानकारी लेने पर एएसपी प्रतिभा पांडेय का कहना है कि मामले में युवकों से पूछताछ की गई। इनसे 9 ग्राम पाउडर मिला। जिसकी जांच कराई जा रही है। वहीं एक कार भी जब्त की गई है। युवकों से मिली जानकारी के अनुसार यह पाउडर उन्हें ओडिशा सीमा के पास के गांव के एक युवक ने उपलब्ध कराई थी। लेकिन, अब वह फरार है। मामले में जल्द ही कार्रवाई होगी।





# चाकू लहराकर लोगों को डराने वाले दो युवक गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस ने शहर में दहशत फैलाने के इरादे से चाकू लहराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना महासमुंद द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत की गई है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली थी कि नयापारा क्षेत्र में कुछ लोग धारदार हथियार लेकर आम जनता को डरा-धमका रहे हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी पहली कार्रवाई 6 मार्च को हुई पुलिस को सूचना मिली कि तारिणी मंदिर नयापारा के पास एक व्यक्ति चाकू दिखाकर लोगों को डरा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर मो. इलियास खान 31 वर्ष, निवासी संजय नगर को रंगे हाथों पकड़ा। उसके पास से एक चाकू बरामद किया गया और थाना महासमुंद में अपराध क्रमांक 111/2026 दर्ज किया गया। दूसरी कार्रवाई 7 मार्च को हुई है कि पुलिस को गौसिया मस्जिद नयापारा के पास एक अन्य व्यक्ति के चाकू लहराने की खबर मिली। कोतवाली स्टाफ ने मौके पर पहुचकर दीपक देवांगन 30 वर्ष, निवासी नयापारा को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से भी एक धारदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी की और आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई, पालिका का सूचना फलक उखाड़ा तो खोदी गई सड़क








**महासमुंद।** शहर के रायपुर रोड स्थित चावला मैरिज पैलेस के ठीक सामने हो रहे अवैध प्लाट कटिंग पर कार्रवाई करते हुए पालिका टीम ने यहां पर एक बोर्ड स्थापित किया है। बता दें कि 2 दिन पहले अवैध प्लाट विक्रेता द्वारा लगाए गए उक्त बोर्ड को उखाड़ फेंका गया था। ताकि लोगों को अंधेरे में रखते हुए ऊंचे दाम पर प्लाट की बिक्री की जा सके। मिली जानकारी के अनुसार पालिका अमले को इसकी भनक लगते ही टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी के माध्यम से यहां बनाई जा रही सड़क को खोदा गया और पालिका का बोर्ड पुनः स्थापित करते हुए लोगों से ऐसे अवैध प्लाट कटिंग में किसी प्रकार का सौदा नहीं करने की हिदायत दी गई है।

## ह्यूमन राइट एंबेसेड आर्गनाइजेशन ने दिया इंटरनेशनल विमेंस विजनरी अवार्ड 2026

# सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमशीला दिल्ली में हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमशीला बघेल को आज देश की राजधानी दिल्ली के वाईएमसीए हॉल में आयोजित कार्यक्रम में इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स एंबेसडर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा "इंटरनेशनल विमेंस विजनरी अवार्ड 2026" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें रमादेवी पूर्व सदस्य पैनल ऑफ चेयरपर्सन 17 वीं लोकसभा, राजीव मेनन अभिनेता एवं निर्माता, नुज़रथ जहाँ,अभिनेत्री, मनीष गवई, सदस्य, जयलक्ष्मी राव, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स एम्बेसडर ऑर्गेनाइजेशन नई दिल्ली द्वारा महिला एवं बाल सशक्तिकरण, डिजिटल वित्तीय समावेशन और ग्रामीण आजीविका विकास के क्षेत्र में उनके तीन दशकों के उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। बघेल वर्तमान में श्रम विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति जब आत्मविश्वास, शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता से जुड़ती है, तब समाज में स्थायी परिवर्तन संभव होता है। उनके कार्यों से हजारों महिलाओं में आत्मनिर्भरता, डिजिटल साक्षरता और नेतृत्व की नई चेतना विकसित होती है।



## इंडो मलेशिया टेस्ट सीरीज में भारत ने मलेशिया को 3-0 से हराया



### बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता मलेशिया में मुरली सिंह राजपुरोहित ने जीता स्वर्ण पदक

महासमुंद। भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के तत्वाधान में इंडो मलेशिया टेस्ट सीरीज पुरुष एवं महिला का आयोजन मलेशिया में 27 फरवरी से 04 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से चार खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन किया गया था। महासमुंद जिले से पुरुष वर्ग में मुरली सिंह राजपुरोहित शामिल रहे।

# गांजा तस्करी में पुलिस आरक्षक संलिप्त, विभाग ने दर्ज किया मामला

**महासमुंद।** जिले में पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक गंभीर मामला सामने आया है। सांकरा थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के आरोप में पुलिस विभाग के ही एक आरक्षक का नाम सामने आने से विभाग में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने अपने ही विभाग के आरक्षक पीयूष शर्मा और उनके एक साथी धर्मेंद्र सोनी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज किया है। पूरी घटना 3 मार्च की है, जब सांकरा थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर गांजा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने ओडिशा के अखराभांटा निवासी धर्मेंद्र सोनी को पकड़ा। जब पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र सोनी से कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने तस्करी के इस नेटवर्क में आरक्षक पीयूष शर्मा के शामिल होने की जानकारी दी। साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने पाया कि आरक्षक पीयूष शर्मा इस अवैध कारोबार में सीधे तौर पर जुड़ा हुआ था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आरक्षक पीयूष शर्मा की गतिविधियां पिछले कुछ समय से संदिग्ध लग रही थीं। इसी कारण पुलिस अधीक्षक ने अनुशासनहीनता और संदिग्ध आचरण को देखते हुए 2 मार्च को ही उसे निलंबित कर दिया था। निलंबन के ठीक अगले दिन, यानी 3 मार्च को जांच में यह स्पष्ट हो गया कि वह गांजा तस्करी के गिरोह का हिस्सा था।

### एक आरोपी गिरफ्तार, आरक्षक फरार

पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए धर्मेंद्र सोनी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, आरोपी आरक्षक पीयूष शर्मा वर्तमान में फरार है। पुलिस की अलग-अलग टीमें उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। विभाग का कहना है कि आरोपी आरक्षक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ियों का सम्मान

**रायपुर।** रायपुर कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में विद्यालय की संचालिका स्व. जया कसार की स्मृति में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में अनिशा टिरकी (हॉकी), हेमलता निषाद (खो-खो), प्रीति पटेल (खो-खो), प्राची चौबे (रेसलिंग व साफ्टबॉल), दिव्यानी सिया (बैडमिंटन तकनीकी अधिकारी व रेफरी) तथा चिरंजीवी साहू (योगा) शामिल रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. जया कसार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव कमल कसार, आदित्य कसार, प्राचार्य डॉ. श्वेता वासनिक, रानी शर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को खेलों में आगे बढ़ने और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने के विरोध में आज प्रधानमंत्री का पुतला दहन करेंगे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज 8 मार्च को रसोई गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा



कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम आदमी का रसोई बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में लगातार बढ़ोतरी होने से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

**नशे के कारोबार को संरक्षण दे रही साय सरकार: यादव**

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यादव ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार नशे के कारोबार को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में भाजपा नेता द्वारा अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आने से इसकी पुष्टि होती है। इस विषय को आज पूरे मामले का खुलासा पत्रकार वार्ता के माध्यम से किया जाएगा।

### एनएडीसीपी अंतर्गत एफएमडी टीकाकरण अभियान

**महासमुंद।** केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 से नेशनल एनिमल डिसीस कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत एफएमडी नियंत्रण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2025 तक इस रोग को नियंत्रित करना और 2030 तक देश को इससे मुक्त करना है। इस कार्यक्रम के तहत व्यापक स्तर पर टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य सुधार और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एफएमडी राउंड-7 के अंतर्गत जिले में 15 मार्च 2026 से टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया जाएगा। उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं ने बताया कि यह अभियान जिले में पशुधन विभाग द्वारा डोर-टू-डोर पद्धति से संचालित किया जाएगा। टीकाकरण के दौरान प्रत्येक पशु का विवरण भारत पशुधन पोर्टल में दर्ज किया जाएगा, जिससे निगरानी और रिकॉर्ड संधारण को सुदृढ़ बनाया जा सके। इसके साथ ही 1 मार्च 2026 से जिले में पशुओं को कृमिनाशक दवा पिलाने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने गोवंशीय एवं भैंसवंशीय पशुओं को समय पर कृमिनाशक दवा जरूर पिलवाएं, ताकि पशु स्वस्थ रहें और टीकाकरण का बेहतर लाभ मिल सके।

### शासकीय विद्यालयों में आहता, शौचालय एवं मरम्मत कार्यों के लिए 1 करोड़ 99 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**महासमुंद।** जिले के शासकीय विद्यालयों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु आहता निर्माण, शौचालय निर्माण, लघु निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराए जाएंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार समय-समय पर जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में आहता, शौचालय एवं अन्य लघु निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की गई थी। उक्त मांगों के परीक्षण के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को वास्तविक आवश्यकता एवं औचित्य के आधार पर विद्यालयों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए थे। प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर चिन्हित शासकीय शाला भवनों में भवन निर्माण, मरम्मत एवं शौचालय निर्माण कार्य कराए जाना आवश्यक पाया गया। इसके लिए कुल 1 करोड़ 99 लाख 7 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह राशि जिला पंचायत महासमुंद के शिक्षा मद से व्यय की जाएगी।

जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने बताया कि विभिन्न निर्माण कार्यों में महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 3 शासकीय प्राथमिक शाला एवं एक पूर्व माध्यमिक शाला में कुल 40 लाख 35 हजार रुपए की लागत से कुल 5 अतिरिक्ति कक्ष निर्माण किया जाएगा। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 2 पूर्व माध्यमिक शाला एवं एक प्राथमिक शाला के लिए 45 लाख 92 हजार रुपए की लागत से नवीन भवन निर्माण कराया जाएगा। पिथौरा विकासखंड अंतर्गत 2 प्राथमिक शाला भवन में 9 लाख 88 हजार रुपए की लागत से क्रमशः अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय निर्माण कार्य किया जाएगा। वहीं बसना विकासखंड अंतर्गत 3 प्राथमिक शालाओं में कुल 7 अतिरिक्त कक्ष निर्माण, एक प्राथमिक शाला एवं 2 हायर सेकेण्डरी स्कूल में कुल 3 शौचालय निर्माण कार्य एवं एक प्राथमिक शाला भवन का मरम्मत कार्य किया जाएगा।

# शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल : निषाद समाज देगा विद्यार्थियों को एक वर्ष के लिए निःशुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत "छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज छात्रवृत्ति परीक्षा – 2026 (योजना 3.0)" का चतुर्थ संस्करण आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष समाज द्वारा 2 लाख रुपये से भी अधिक की छात्रवृत्ति राशि, 70 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी, जिसमें एक वर्ष की निःशुल्क कोचिंग भी शामिल रहेगी।

यह परीक्षा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क होगी तथा इसमें कुल 70 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे, जो विद्यार्थियों के कक्षानुसार पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे। साथ ही 5 प्रश्न निषाद केवट समाज के इतिहास एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित होंगे, जिससे समाज के बच्चों को अपने गौरवशाली इतिहास की जानकारी मिल सके।



छत्तीसगढ़ में निवासरत सभी जिला के विद्यार्थी भाग ले सकते जो शैक्षणिक सत्र 2026- 27 में कक्षा 9वि से 12वि में अध्ययन करेंगे।

समाज में प्रभारी के रूप में संतोष जलतारे दुर्ग व निखलेश निषाद जगदलपुर कार्य करेंगे व महासमुंद जिला में जिला अध्यक्ष रूपधर, ब्लाक अध्यक्ष डेलू राम निषाद महासमुंद, कीर्तन निषाद बाग़बहरा, तरुण निषाद पिथौरा, मनीराम निषाद सरायपाली, जिला प्रभारी के रूप में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप निषाद, पूर्व प्रदेश सचिव जानकी निषाद कार्यरत रहेंगे व परीक्षा केंद्र प्रभारी हरिराम, नरेश, मूलचंद, दाऊलाल, भोला राम निषाद, पिंगला, प्रर्मिला, मालती, बाबूलाल, रमेश्वरी रहेंगे। यह जानकारी नंद कुमार निषाद प्रदेश संगठन सचिव ने दी।



### मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का होली मिलन कार्यक्रम

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई महासमुंद में प्रमुख त्योहार होली के पावन अवसर पर समाज में गणमान्य जनों की उपस्थिति में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। रंगों के पारंपरिक त्यौहार होली में उक्त नगर इकाई अध्यक्ष प्रदीप वर्मा, मुख्य सलाहकार उत्तम वर्मा, उपाध्यक्ष ललित वर्मा, कोषाध्यक्ष नीरज वर्मा, सचिव शांतनु वर्मा, संरक्षक डीपी वर्मा, बीपी परगनिया, भुवन वर्मा, पानू वर्मा, किरण वर्मा, चित्ररेखा कश्यप, ललित वर्मा, रामदयाल वर्मा, राजेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित हुए। होली के पारंपरिक त्योहार पर उपस्थित सदस्यों ने समाज के वरिष्ठ सदस्यों को गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया।

### खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण पर रोक के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स सक्रिय

**महासमुंद।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इस संबंध में मंगलवार को कलेक्टर विनय कुमार लहंगे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व, पुलिस, परिवहन, वन तथा खनिज विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर लहंगे ने निर्देश दिए कि जिले की सभी खदानों का सीमांकन कर नाम पट्टिका संधारित कराई जाए, ताकि खनन गतिविधियों की पहचान हो सके। उन्होंने रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच, कोटवार और पटवारी के सहयोग से निगरानी समिति गठित करने के निर्देश भी दिए। यह निगरानी समितियां अपने-अपने क्षेत्रों में होने वाली अवैध गतिविधियों पर नजर रखेंगी तथा इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को देंगी। जिला खनिज अधिकारी फागुलाल नागेश ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले को 8.70 करोड़ रुपये का खनिज राजस्व लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध 12.21 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में अब तक अवैध परिवहन के 95, अवैध उत्खनन के 27 तथा अवैध भंडारण के 4 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई किया जा रहा है।

# गीत-गजल और रंग फुहारों के साथ शिक्षक संघ का होली मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का होली मिलन अपनी परंपरा के अनुरुप पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुये गीत गजल और रंगों के फुहारों के बीच सौहाद्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि इस अवसर पर शिक्षाविद केआर चंद्राकर कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, संगठन मंत्री राजेंद्र इंगोले, कर्मचारी नेता अशोक गिरि गोस्वामी, साहित्यकार भागवत जगत, जयराम पटेल पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, सहायक संचालक नंद किशोर सिन्हा, गणमान्य जन उपस्थित होकर नगाड़ों की थाप, चुटकुलों, गीत कविताओं के द्वारा एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुये वातावरण को रंगों से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान टेकराम सेन द्वारा सभी को चुटीले टाइटल से सम्मानित किया गया एवं अपनी अनूठी कविता शिक्षक संघ के होली मिलन में जिसने भी प्लाट दिया है, भगवान की कसम ऐश किया है, से माहौल बेहद रंगीन हो गया। कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी एवं पूर्व शिक्षा अधिकारी केआर चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ विगत 25 वर्षों से अपनी परंपरा का निर्वहन करते हुये आपसी प्रेम एवं सौहार्द्र का परिचय दिया है।



होली मिलन कार्यक्रम को आकर्षक बनाने में राजेंद्र इंगोले, राजेश शर्मा, नेमीचंद अग्रवाल, कुबेर साहू, अविनाश लाल, सहदेव ध्रुव, एमपी ध्रुव, टोहन देवांगन, केके चंद्राकर, सीके तिवारी, तुलाराम डड़सेना, जितेन्द्र चंद्राकर, टीपी भट्ट, प्रमोद कन्नौजे, चेतन दीवान, लक्ष्मीकांत सिन्हा, बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, जगदीश साहू, गैंदराम साहू सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षकों ने मिलकर होली मिलन को खास बना दिया। आभार प्रदर्शन राजेंद्र इंगोले एवं राजेश शर्मा ने किया एवं संचालन टेकराम सेन ने किया। उक्त जानकारी जिला सचिव जयराम पटेल एवं पूर्व जिला सचिव अविनाश लाल ने दी है।

### शराब के नशे में दोस्त पर किया जानलेवा हमला

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में एक युवक ने अपने तीन अन्य साथियों



के खिलाफ शराब के नशे में उस पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लोधीपारा निवासी प्रेमचंद झरिया ने चंदन शाह तथा दो अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, प्रेमचंद अपने साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इस दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके चलते चंदन तथा उसके दो अन्य साथी शराब की बोतल से प्रेमचंद के सिर तथा चेहरे पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिए।

### वजन बढ़ाने धान में डाला पानी, चार बर्खास्त एफआईआर दर्ज

**रायपुर।** धान खरीदी और संग्रहण के दौरान प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भलेरा के धान उपार्जन केंद्र में संग्रहित धान पर मोटर पंप से पानी डालने का मामला सामने आया है। जांच के बाद प्रशासन ने चार कर्मियों को बर्खास्त कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। गौरतलब है, धान में पानी मिलाने का वीडियो सामने आया था। मामला गरमाने के बाद कलेक्टर गौरव सिंह ने जांच के लिए कमेटी बनाई थी। कमेटी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद सभी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया।

**इन पर कार्रवाई :** जांच में समिति के प्रभारी प्रबंधक विष्णु साहू, लिपिकीय सहायक उमेश कुमार साहू, प्रोसिसर्वर इंदरमन निषाद तथा दैनिक कर्मचारी जितेन्द्र कुमार साहू की लापरवाही सामने आई है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ शासन की धान उपार्जन नीति 2025–26 के प्रावधानों के विपरीत पाया गया। जिसके पश्चात चारो कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान लगभग 10500 बोरा धान नमीग्रस्त पाया गया, जिसका पंचनामा तैयार किया गया। जांच उपरांत मामले में संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध उप आयुक्त सहकारिता द्वारा एफआईआर के लिए निर्देशित किया गया।

## डीजे संचालकों का पुलिस अफसरों के साथ प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

# डीजे संचालकों ने की पहल, पुलिस अफसरों से मीटिंग में बोले- नियमों का पालन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली का पर्व समाप्त होने के बाद नवरात्री, रामनवमी के बाद 27 मार्च से शादी सीजन शुरू हो जाएगा। शादी का सीजन शुरू होने के साथ ही रामनवमी में डीजे, धुमाल की डिमांड बढ़ जाती है। डीजे, धुमाल को लेकर हाईकोर्ट के साथ सुप्रीम कोर्ट की सख्त गाइड लाइन है। ऐसी स्थिति में नियमों की अनदेखी करने पर डीजे, धुमाल वालों के साथ पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई करती है। इस स्थिति से बचाव के लिए डीजे संचालकों का रायपुर में शुक्रवार को प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

डीजे संचालकों की सम्मेलन में विशेष रूप से रायपुर सेंट्रल के एडीसीपी तारकेश्वर पटेल, एसीपी सेंट्रल रमाकांत साहू के साथ एसीपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर उपस्थित रहे। डीजे संचालकों के सम्मेलन में पुलिस अफसरों ने रायपुर के साथ दूसरे जिलों से आए डीजे संचालकों को परेशानी से बचने नियमों का कैसे पालन करना है। इस संबंध में डीजे संचालकों को विस्तार से नियम कानूनों के बारे में जानकारी दी।





**संचालकों ने कहा 10 के बाद नहीं बजाएंगे डीजे**

डीजे संचालकों ने अपने सम्मेलन में स्वतः निर्णय लिया गया कि उन लोगों द्वारा आगामी वैवाहिक सीजन तथा अन्य समारोह में तय मानक के आधार पर निर्धारीत डेसिबल में डीजे, धुमाल बजाएंगे। इसके साथ ही डीजे संचालकों ने निर्णय लिया है कि किसी भी समारोह में रात 10 बजे के बाद उनके द्वारा डीजे, धुमाल बंद कर दिया जाएगा। रायपुर के डीजे संचालकों ने कहा कि जो डीजे संचालक नियमों का पालन नहीं करेंगे उनके खिलाफ वे स्वयं जुर्माने की कार्रवाई करेंगे।

**आने वाले विवाह के साथ त्योहारी सीजन में परेशानी से बचाव करने नियमों का पालन करने लिया निर्णय**

**नियमों का पालन नहीं करने पर होगी सख्ती**

*एडीसीपी तारकेश्वर पटेल ने डीजे संचालकों को संबोधित करते हुए कहा कि जो डीजे संचालक नियमों का पालन नहीं करेंगे। उनके खिलाफ जुर्माना के साथ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी ने सभी डीजे संचालकों को डीजे, धुमाल बजाने परेशानी से बचने नियमों को ध्यान में रखते हुए डीजे बजाने निर्देश दिए। इसके लिए संबंधित विभाग के अफसरों से अनुमति लेने से लेकर डीजे, धुमाल बजाने की सलाह दी।*

**ई-चालान के माध्यम से कार्रवाई**

ट्रैफिक एसीपी सतीश ठाकुर ने डीजे संचालकों को संबोधित करते हुए कहा की रायपुर में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू हो गया है। माइक्रो लेबल पर कार्रवाई होने की ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी ने डीजे संचालकों को जानकारी दी। ट्रैफिक पुलिस के अफसर के अनुसार नियम के विपरित गाड़ी में तय मानक से ज्यादा ऊंचाई, लंबाई तथा साउंड सिस्टम को गाड़ी से बाहर निकाने पर कार्रवाई करने की जानकारी दी। साथ ही ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी ने डीजे संचालकों को कहा की ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर गाड़ी में साउंड सिस्टम लगाए जाने पर आईटीएमएस कैमरे के माध्यम से गाड़ी की पहचान कर ई-चालान की कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक एसीपी ने बिलासपुर के एक डीजे संचालक के खिलाफ आईटीएमएस कैमरे के माध्यम से कार्रवाई करने का उदाहरण डीजे, धुमाल संचालकों को दी।

### रुस्तम सारंग को खेल विभाग में मिली सहायक संचालक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टर रुस्तम सारंग को खेल एवं युवा कल्याण विभाग में प्रतिनियुक्ति देते हुए सहायक संचालक के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सारंग ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन और उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। उनकी खेल उपलब्धियों और अनुभव को सम्मान देते हुए उन्हें खेल एवं युवा कल्याण विभाग में सहायक संचालक के पद पर प्रतिनियुक्ति प्रदान की गई है। लंबे समय से खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की ओर से यह मांग की जा रही थी कि सारंग के अनुभव का लाभ प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को मिलना चाहिए।



रुस्तम सारंग अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। खेल के क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव और उपलब्धियों को देखते हुए राज्य शासन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है।

उन्होंने बताया कि बीते कुछ महीनों से अन्य दायित्वों के चलते वे खेल प्रशिक्षण और गतिविधियों से दूर थे, जिससे कई छोटे खिलाड़ी बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब इस नई जिम्मेदारी के साथ वे फिर से खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने और खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे।

# भाजपा की लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलो देवी नेताम का राज्यसभा सदस्य बनना तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की रिक्त हो रही दो राज्यसभा की सीटों के लिए भाजपा की लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलोदेवी नेताम ने नामांकन भरा है। इसी के साथ तेलंगाना के एक निर्दलीय प्रत्याशी ने भी नामांकन भरा था। शुक्रवार को नामांकनों की छंटनी के बाद निर्वाचन अधिकारी मनीष शर्मा ने लक्ष्मी वर्मा और फूलोदेवी नेताम के नामांकन को सही पाया है। निर्दलीय प्रत्याशी का नामांकन पूरा न होने के कारण उसे निरस्त कर दिया गया है। ऐसे में अब भाजपा और कांग्रेस की प्रत्याशी का राज्यसभा सदस्य बनना तय हो गया है। 9 मार्च को नाम वापसी के बाद भाजपा और कांग्रेस की प्रत्याशियों को निवार्चित घोषित कर दिया जाएगा।

■ **एक निर्दलीय प्रत्याशी का नामांकन निरस्त**

छत्तीसगढ़ में राज्यसभा में कुल 5 सदस्य प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनमें से दो सांसदों का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को समाप्त होने वाला है। इन दो नामों में फूलोदेवी नेताम और केटीएस तुलसी शामिल हैं, जो कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा सांसद हैं। इनका कार्यकाल समाप्त होने के कारण ही छत्तीसगढ़ में दो सदस्यों के लिए चुनाव हो रहा है। भाजपा ने जहां राज्यसभा प्रत्याशी के रूप में लक्ष्मी वर्मा का नाम घोषित किया है, वहीं कांग्रेस ने एक बार फिर से फूलोदेवी नेताम को ही प्रत्याशी बनाया है।






**फूलोदेवी नेताम ने भरा पर्चा**

कांग्रेस की प्रत्याशी फूलोदेवी नेताम ने भी गुरुवार को निर्वाचन अधिकारी के कक्ष में उपस्थित होकर दो सेट में अपना नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**लक्ष्मी वर्मा के नामांकन में सीएम सहित रहे सभी मंत्री**

भाजपा की राज्यसभा चुनाव के लिए घोषित प्रत्याशी लक्ष्मी वर्मा ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष तीन सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नामांकन दाखिले के बाद विश्वास व्यक्त किया, श्रीमती वर्मा राज्यसभा में छत्तीसगढ़ की सशक्त नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व पूरी श्रद्धा, निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ करेंगीं। उनका अनुभव, संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति समर्पण उच्च सदन में प्रदेश की आवाज को मजबूती प्रदान करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, श्रीमती वर्मा एक निष्ठावान और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। राज्यसभा के लिए उनका चयन छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति का सम्मान है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, श्रीमती वर्मा का राज्यसभा जाना छत्तीसगढ़ के पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय महामंत्री अजय जामवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय व लता उसेण्डी, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, टंकराम वर्मा, दयालदास बघेल, लक्ष्मी रजवाड़े, श्यामबिहारी जायसवाल, गुरु खुशवंत साहेब, गजेंद्र यादव, राजेश अग्रवाल, दयालदास बघेल, भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी व डॉ. नवीन मार्कण्डेय, सांसद संतोष पाण्डेय, बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल व देवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, पुन्नूलाल मोहले, अजय चंद्राकर, सुनील सोनी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल उपस्थित थे।





## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन योजना से मिली नई राह, गीतांजलि बनी आत्मनिर्भर

**महासमुंद।** राज्य शासन की महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में आर्थिक सशक्तिकरण की नई कहानी लिख रही है। महासमुंद जिले में महतारी वंदन योजना से 3 लाख 27 हजार महिलाएं लाभान्वित हो रही है। इस योजना से प्रेरित होकर सरायपाली विकासखंड के ग्राम डुमरपाली की निवासी गीतांजलि कुमार ने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया है। गीतांजलि कुमार आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से हैं और पहले घर की जरूरतों को पूरा करने के लिए छोटे-मोटे काम करती थीं। उनका सपना था कि वे बुनकरी का काम शुरू करें, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे बुनकर मशीन खरीदने में असमर्थ थीं। तभी महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें हर माह मिलने वाली सहायता राशि ने उनके जीवन में बदलाव की शुरुआत की। गीतांजलि ने इस राशि को बचत कर एक बुनकर मशीन खरीदी और अपने गांव की महिलाओं के लिए सूती साड़ियों का निर्माण शुरू किया। आज उनका यह छोटा सा प्रयास एक छोटे व्यवसाय के रूप में विकसित हो चुका है। बुनकरी के इस कार्य से उन्हें लगभग 5000 रुपये प्रतिमाह की आय होने लगी है।

# छात्रवृत्ति कार्य की प्रगति को लेकर सेजेस में समीक्षा बैठक

**बसना।** कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसना में सत्र 2025-26 के राज्य छात्रवृत्ति कार्य की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे ने की। बैठक में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंह कंवर , बीआरसी अनिल सिंह साव सहित विकासखंड अंतर्गत संकुल समन्वयक वारिश कुमार, बड़ेटेमरी, डिजेंद्र कुर्रे, जमदरहा, राजेश साहू, जेवरा, अमित भोई, कुदारीबाहरा, खीरसागर खूंटे बाराडोली,विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं प्रधान पाठक उपस्थित रहे। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे द्वारा जारी निर्देशों के पालन में छात्रवृत्ति पंजीयन एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जोल्हे ने कहा कि जिले स्तर पर छात्रवृत्ति कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है और समय-समय पर इसकी प्रगति की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकासखंड स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान संस्था प्रमुखों ने अपने-अपने विद्यालयों में छात्रवृत्ति कार्य की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान कुछ विद्यालयों में छात्रवृत्ति से संबंधित प्रविष्टि एवं दस्तावेज अपलोड का कार्य अभी भी लंबित पाया गया। बैठक में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंह कंवर द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रविष्टि, विद्यार्थियों की जानकारी के सत्यापन तथा



आवश्यक दस्तावेजों के अपलोड के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में बीआरसी अनिल सिंह साव द्वारा प्रधान पाठक और प्रभारियों के समस्याओं का निराकरण बताया गया । संकुल समन्वयक बड़ेटेमरी वारिश कुमार ने भी इकेवायसी , आधार सीडिंग, राशन कार्ड में नाम सुधार, जन्म प्रमाण पत्र, आधार अपडेशन पर क्रमवार जानकारी दी गई। सभी संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि विद्यार्थियों की जानकारी का सूक्ष्म परीक्षण कर त्रुटिरहित प्रविष्टि सुनिश्चित करें, ताकि आगे किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी जोल्हे द्वारा ड्रॉप बॉक्स में लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने सभी संस्था प्रमुखों को आगामी पांच दिवस के भीतर ड्रॉप बॉक्स में लंबित समस्त प्रकरणों,राशन कार्ड इकेवायसी, बैंक खाता आधार सीडिंग कार्य का निराकरण कर रिपोर्ट की हार्डकॉपी कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति कार्य शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए सभी संस्था प्रमुख पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए पात्र विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित संस्था प्रमुख की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी प्रधान पाठकों एवं प्राचार्यों ने निर्देशों के पालन का आश्वासन देते हुए छात्रवृत्ति से संबंधित लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने की सहमति व्यक्त की।

## ग्राम पंचायत मुनागासेर में तेंदूपत्ता छोपाई कार्य शुरू



**झलप।** गोंडपाली वनोपज समिति अंतर्गत ग्राम गुडेलाभाठा और ग्राम मुनगासेर में तेंदूपत्ता छोपाई कार्य चालू किया। इस अवसर में सरपंच ऋतु जोहत निषाद, पंच गौरी कुर्रे और आशा बाई ठाकुर, प्रबंधक राधेश्याम साहू, मुंशी हिरासिंग कुर्रे, ग्राम पटेल लक्ष्मण ठाकुर, खेमराज बघेल, आत्माराम बघेल, भुवन ठाकुर, कंवल ठाकुर, मनुजा ठाकुर एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जिसमें प्रबंधक राधेश्याम साहू ने तेंदूपत्ता छोपाई के तरीका एवं शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के लाभ भी बताए।

## कक्षा चौथी के बच्चों ने कक्षा पांचवीं को कापी व पेन देकर किया सम्मानित

**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव में कक्षा पांचवीं के बच्चों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती व भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके पश्चात बच्चों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लेखराम चक्रधारी, सरपंच प्रतिनिधि नँदनीजवाहर ध्रुव व शिक्षक करन अनंत ने संबोधित किया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं व बच्चों को कापी व पेन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका लेखनी साहू, प्रतिमा मेश्राम, शिल्पा वर्मा, लगनी निषाद, निर्मला निषाद, गोदावरी निषाद सहित अन्य महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। वही कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। वहीं व बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, छत्तीसगढ़ी, कर्मा, ददरिया, सुवा, राउत नाचा की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। शिक्षक गोवर्धन प्रसाद साहू ने संचालन व महिलाओं को प्रेरित कर उन्हे समाज व देश के विकास में योगदान करने की बात कही। प्रधान पाठक खेमन कुमार साहू ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षिका छात्र-छात्राएं व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह रजकट्टी में 11 मार्च से

**महासमुंद।** समीपवर्ती जिला गरियाबंद के ग्राम रजकट्टी में ग्रामवासी, केडीवी मिशन एवं आमीन माता महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय



सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 11 से 13 मार्च तक किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र के कबीरपंथी अनुयायियों में उत्साह देखा जा रहा है तथा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। आयोजकों ने बताया कि 11 मार्च को सत्संग समारोह का शुभारंभ भजन, कीर्तन और कबीर वाणी के पाठ के साथ किया जाएगा। 12 मार्च को गुरुमाता सुलक्षणा देवी विशेष रूप से उपस्थित होकर सत्संगियों को कबीर साहेब की वाणी, मानव जीवन के महत्व, सतमार्ग तथा समाज में सद्भावना और नैतिक मूल्यों पर आधारित प्रवचन देंगी। उनके प्रवचन से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त होगा। समारोह के अंतिम दिन 13 मार्च को पंथ श्री हुजूर उदित मुनि नाम साहेब (कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा) की उपस्थिति में चौका आरती एवं विशेष सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। आयोजन समिति ने आसपास के गांवों सहित क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

# आमाकोनी के ग्रामीणों ने की ट्रांसफार्मर बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

- विद्युत विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

क्षेत्र के ग्राम आमाकोनी में लगे ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ किसान, ग्रामीण व क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

बता दें कि आमाकोनी सब स्टेशन में ट्रांसफार्मर पावर 315 को बदलने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा है। इस सम्बन्ध में ग्राम पंचायत तमोरा के सरपंच सेवाराम साहू ने बताया कि ग्राम आमाकोनी सब स्टेशन अंतर्गत कुल 19 गांव में विद्युत सप्लाई किया जाता है। जिसमें प्रत्येक गांवों में 10 से 12 घंटे बिजली कटौती किया जा रहा है। वहीं लगातार गांव व क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या होने



लगी है। जिसमें आमकोनी, रोडा, खम्हरिया, छिंदोला, डुमरडीह, कुर्रूभांठा, बोडराबांधा, जोगीडीपा, ढोढ, तमोरा, ढोंगा, तमोरी, अमलीडीह, नवाडीह, खुटेरी, बजरबाहरा, सालेभांटा, अमेठी आदि गांवों में समस्या हो रही है।

ज्ञापन में उल्लेख जानकारी के अनुसार आमाकोनी पावर ट्रांसफार्मर 315 से लोगों को सही बिजली नहीं मिल रही है।

जो कि गांव व क्षेत्र में वर्तमान समय के विद्युत खपत को देखते हुए यहां पावर ट्रांसफार्मर 500 क्षमता का लगाना अनिवार्य हो रहा है। यहां बिजली के समस्या को दूर करने ग्रामीण व क्षेत्रवासियों ने त्वरित कार्रवाई किये जाने की मांग की। मुख्य कार्यपालन अभियंता को ग्राम पंचायत तमोरा के सरपंच सेवाराम साहू, मनीराम चंद्राकर, धरम दीवान, शत्रुघ्न साहू, अवध साहू, नंदकुमार दीवान, पुनुराम साहू, रेखलाल चंद्राकर, माखन चक्रधारी, मोती चंद्राकर, भूषण पटेल, अशोक कुमार, घनश्याम साहू, लक्ष्मीनारायण पटेल, बोधराम पटेल, कृष्ण कुमार दीवान, बेनीराम साहू, जगदीश साहू, अर्जुन सिंग ठाकुर, कन्हैयालाल पटेल, योगेंद्र चक्रधारी, जीवन दीवान, हरिशचंद्र पटेल, मोरध्वज पटेल, मदन यादव, रामलाल पटेल, लोकनाथ पटेल, हितेश साहू संहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व क्षेत्रवासियों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा है।

# परिवार व्यवस्था का आधार और धुरी है : राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जीवन विद्या केंद्र मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही और अभिभावक विद्यालय कोकड़ी सरकारी स्कूल अमरकंटक में दिव्य पथ संस्थान द्वारा आयोजित स्तुषि जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आश्रम संचालिका राखी गेंदलाल कोकडिया अपने 10 मित्रों के साथ उपस्थित हुई। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अंबा दीदी और उनके परिजनों व सुनीता सुरेंद्र पाठक के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व सादर साधुवाद ज्ञापित की है।



राखी गेंदलाल के अनुसार विश्व की प्रमुख दो समस्याओं में पहली समस्या नर-नारी में असमानता है जो जीवन विद्या अध्ययन से दूर किया जा सकता है। स्तुषि परिवार व्यवस्था व अखंड समाज सार्वभौम व्यवस्था के लिए समर्पित महिलाओं का अंतरराष्ट्रीय मंच है, कार्यक्रम में मुख्यतया, नर-नारी में समानता, जागृति, वर्तमान समस्याओं का समाधान, युद्ध, आतंक, अपराध के कारण व समस्या निदान, परिवार, संबंधी व संबंधों व कर्तव्यों और दायित्वों पर विस्तृत संवाद किया गया, जीवन विद्या का यह प्लेटफॉर्म महिलाओं की मानव समाज व अखंड समाज सार्वभौम व्यवस्था में जिम्मेदारी और भागीदारी का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से महिलाओं को प्रेरणा मिली है। जीवन विद्या अध्ययन और चेतना विकास मूल्य शिक्षा के माध्यम से हम जन-जन तक शिक्षा के मानवीय करण के विचारों को पहुंचाने के लिए संकल्पित और समर्पित हैं। स्तुति के माध्यम से बाबा ए नागराज, मध्यस्थ दर्शन, जीवन विद्या, व चेतना विकास मूल्य शिक्षा का वर्तमान परिदृश्य में महिलाओं को जागृत करने व स्वावलंबी बनाने के लिए सुनीता सुरेंद्र पाठक सागर मध्य प्रदेश, मीना अंजनी अग्रवाल, अभ्युदय संस्थान अछोटी, सुवर्णा योगेश शास्त्री समाधान स्थली परडा पुणे महाराष्ट्र व सुनीता शर्मा अमरकंटक, पूजा अमरकंटक ने विचार व्यक्त किए।

# पेंशनधारी कल्याण संघ होली मिलन, नए सदस्य सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा द्वारा पेंशनर भवन में 5 मार्च को मासिक बैठक के आयोजन के साथ होलिकोत्सव मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पेंशनर शामिल हुए। होलिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद महासमुंद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पीयूष साहू पार्षद वार्ड नंबर 26 तथा अभिषेक सिन्हा एवं चेतन चंद्राकर उपस्थित रहे।



सर्वप्रथम नये शामिल हुए पेंशनर साथियों का अंग वस्त्र, श्रीफल प्रमाण पत्र के साथ गुलाल लगाकर सम्मान किया गया। नये सदस्यों में विष्णु प्रसाद चंद्राकर स्वास्थ्य विभाग गुहन लाल वर्मा सिंचाई विभाग, नंदकुमार साहू शिक्षा विभाग, कृष्ण कुमार चंद्राकर पंचायत एवं समाज सेवा विभाग, डोमारराम साहू शिक्षा विभाग, खेमू राम देवांगन शिक्षा विभाग, का समान किया गया। पश्चात मार्च माह में जन्मतिथि वाले साथियों में रामकुमार चंद्राकर, सुग्रीव प्रसाद तिवारी, महेश कुमार शर्मा, मन्नू लाल साहू, कुंवर सिंह देवांगन, तेजराम साहू, रामलाल साहू, बसंत कुमार साहू का सम्मान किया गया। एसबीआई लाइफ के मैनेजर अभिषेक सिन्हा एवं चेतन चंद्राकर के द्वारा पेंशनर साथियों को अपने धन की सुरक्षा, राशि का इन्वेस्टमेंट एवं आजकल होने वाले बैंकिंग फ्राड के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं 17 दिसंबर को प्रातिय पेंशनर दिवस कार्यक्रम में आर्थिक एवं भौतिक रूप से सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि देवीचंद राठी ने अपने संबोधन में पेंशनरों की, जो भी समस्या हो उसके निराकरण हेतु सार्थक पहल करने की घोषणा की। तथा नगरीय क्षेत्र के हर वार्ड में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। तथा उन्होंने प्रांतीय पेंशनर दिवस 2026 के लिए कार्यक्रम हेतु कार्यक्रम संयोजक बनाए जाने पर भवन एवं आवास व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ-साथ संपूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस पर सभी पेंशनर्स साथियों ने ताली बजाकर उनका समर्थन किया। उन्होंने पेंशनरों साथियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि पीयूष साहू ने भी सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ वार्ड में होने वाली समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। संबोधन पश्चात कवि हृदय साथियों में राजेश्वर खरे द्वारा कुंवारा के सपना ( रोज पहाती रतिया कुन रंग रंग के सपना सपनाथौ जी) कविता प्रस्तुत किए। पुनीतराम चंद्राकर द्वारा पैरोडी से (कौन दफा में लेके आया रे सिपहिया) पैरोडी गीत गाकर सभी को आनंदित किया। प्रभा पंडा द्वारा गजल प्रस्तुत किया गया कुंती देवांगन ने होली गीत (मेरा खो गया बाजूबंद रसिया होरी में) श्रीकृष्ण पर आधारित सुन्दर गीत प्रस्तुत किया। उषा शर्मा एवं संरक्षक हरक राम चंद्राकर द्वारा भावपूर्ण गीत अपनी प्रस्तुति दी। बैठक में अंतिम कड़ी के रूप में फूलों की होली

### जनसेवा और विकास का एक सफल वर्ष

## जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने विकास कार्यों से गढ़ी नई इबारत

**महासमुंद।** जनपद पंचायत महासमुंद की उपाध्यक्ष



हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण करने पर कहा है कि सेवा और समर्पण के संकल्प के साथ शुरू हुए सफर के एक साल में उन्होंने न केवल प्रशासनिक कार्यों में दक्षता दिखाई, बल्कि ग्रामीण इलाकों में अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुँचाने में भी सेतु का काम किया है। चंद्राकर का यह पहला साल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और सामाजिक सरोकारों के नाम रहा। उनके प्रयासों से जनपद क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जैसे नल-जल योजना के माध्यम से घर-घर स्वच्छ पानी, सीसी रोड, नाली निर्माण और सामुदायिक भवनों के प्रस्तावों को त्वरित स्वीकृति दिलाकर विकास कार्यों को गति दी, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों के निरीक्षण के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने पर विशेष जोर दिया, एक जनप्रतिनिधि के तौर पर हुलसी जितेंद्र चंद्राकर की सबसे बड़ी खूबी उनकी सुलभता रही है। उन्होंने एसी कमरों की बजाय गांव की गलियों और चौपालों पर जनता की समस्याओं को सुना। चाहे वह किसानों की खाद-बीज, धान खरीदी की समस्या हो या महिलाओं के स्वरोजगार की बात, उन्होंने हर मुद्दे पर प्रखरता से अपनी बात रखी। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। उनका मानना है कि जब गांव की महिलाएं सशक्त होंगी, तभी पूरा समाज प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि यह एक वर्ष क्षेत्र की जनता के विश्वास का वर्ष रहा है। मेरा लक्ष्य राजनीति नहीं, बल्कि सेवा है। आने वाले समय में महासमुंद जनपद को एक आदर्श जनपद के रूप में स्थापित करने के लिए मैं पूरी निष्ठा से प्रयास करती रहूंगी।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

**क्रमांक/12/अ.वि.अ./भू.व्यप./2026**
**बसना, दिनांक 23 फरवरी 2026**

आवेदक जयकुमार पिता विद्याचरण चौधरी निवासी ग्राम भंवरपुर तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम भंवरपुर प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. भंवरपुर तहसील बसना स्थित भूमि खसरा 47/2 रकबा 0.14हे. भूमि को भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बी-1, खसरा, नक्शा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक-09/03/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक-23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

**क्रमांक/10/अ.वि.अ./भू.व्यप./2026**
**बसना, दिनांक 23 फरवरी 2026**

आवेदक श्यामाचरण पिता कन्हैयालाल चौधरी निवासी ग्राम झारबंद तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मुड़ीडीह प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. जमदरहा तहसील बसना स्थित भूमि खसरा 182/1 रकबा 0.30 हे. भूमि को भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बी-1, खसरा, नक्शा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक- 09/03/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

**क्रमांक/11/अ.वि.अ./भू.व्यप./2026**
**बसना, दिनांक 23 फरवरी 2026**

आवेदक विकास चौधरी पिता श्यामाचारण चौधरी निवासी ग्राम झारबंद तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम झारबंद प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. भंवरपुर तहसील बसना स्थित भूमि खसरा 130, 322/1 रकबा 0.36, 0.08हे. कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.44हे. भूमि को भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बी-1, खसरा, नक्शा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 09/03/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक-23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

**क्रमांक/09/अ.वि.अ./भू.व्यप./2026**
**बसना, दिनांक 23 फरवरी 2026**

आवेदक विद्याचरण चौधरी पिता कन्हैयालाल चौधरी निवासी ग्राम झारबंद तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम झारबंद प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. भंवरपुर तहसील बसना स्थित भूमि खसरा 389/2 रकबा 0.09 हे. भूमि को भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बी-1, खसरा, नक्शा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 09/03/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# नानक सागर में 15 मार्च को होला महल्ला, गुरुद्वारा निर्माण का होगा भूमिपूजन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

नगर से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित नानक सागर में 15 मार्च को होला महल्ला का भव्य आयोजन नानक सागर गुरुद्वारा समिति द्वारा किया जाएगा। इसी दिन प्रस्तावित गुरुद्वारा निर्माण के लिए भूमिपूजन अरदास भी की जाएगी। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शामिल होने की सहमति मिल चुकी है।

गढ़फुलझर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरजिंदर सिंह हरजू ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीगुरुनानक देवजी के ऐतिहासिक स्थल नानक सागर में इस वर्ष होला महल्ला का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भव्य गुरुद्वारा, अस्पताल एवं यात्री निवास निर्माण के लिए भूमिपूजन अरदास भी संपन्न होगी।

कार्यक्रम के तहत 15 मार्च की सुबह 9 बजे 13 जनवरी से प्रारंभ श्रीअखंड पाठ की समाप्ति होगी। इसके बाद अलौकिक कीर्तन समागम का आयोजन किया जाएगा। लंगर प्रसाद के पश्चात दोपहर करीब 2 बजे भूमि पूजन के लिए अरदास की जाएगी।



दोपहर 3 बजे से पंजाब के डेरा चरणबाग गोइंदवाल के सेवादार बाबा सुबेग सिंह की उपस्थिति में गतका प्रदर्शन, फूलों की होली तथा पारंपरिक खेलों का आयोजन होगा। इसमें कबड्डी, कुश्ती, घुड़सवारी, रस्साकशी सहित कई मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

आयोजकों ने बताया कि गुरु की पावन भूमि पर गुरुद्वारा निर्माण की शुरुआत और होला महल्ला के आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। इसी को देखते हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

होला महल्ला कार्यक्रम की तैयारियों और जिले भर की सिख समितियों व प्रमुख जनों को आमंत्रित करने के लिए दिल्ली से देवेंद्र सिंह आनंद, रिंकू ओबेरॉय, हरदीप सिंह, दविंद्र सिंह, जोगिंदर सिंह, सरायपाली के रोमी सलूजा, बसना के जसवंत सिंह सलूजा, मुखविंदर सिंह रंधावा, हरपाल सिंह ओबेरॉय, जोरावर सिंह, शिवरीनारायण के गुलजीत सिंह गांधी तथा सारंगढ़ के सोनू छाबड़ा विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### धूमधाम से मनाया रंगों का पर्व, युवाओं में उत्साह

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में होली का त्यौहार बुधवार को धूमधाम से मनाया। बच्चों ने जमकर होली खेली। इस मौके पर लोगों ने मनमुटाव भुलाकर एक दूसरे को गले लगाया। सुबह से ही लोग मित्रों, रिश्तेदारों के यहां पहुंच गए और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली का उल्लास मनाया। बड़े-बुजुर्गों को रंग गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया।

### सोनई रूपई मंदिर में नवरात्र की तैयारी

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में चैत्र नवरात्र पर्व पर माता सोनई रूपई मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। 19 मार्च घट स्थापना श्री शैलपुत्री, बेदी पूजन प्रातः 11.36 से 12.24 बजे तक, 23 मार्च को स्कंद माता एवं श्रृंगार पूजन 8 बजे से, 26 मार्च महागौरी पूजन कार्यक्रम शाम 4 बजे होगा। उक्त जानकारी सुभाष शर्मा, होरीलाल साहू, कमलेश कुमार ध्रुवंशी, गजेंद्र साहू ने दी।

### निजी स्कूलों का शिक्षा विभाग के खिलाफ असहयोग आंदोलन शुरू

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिलों के निजी स्कूलों द्वारा शिक्षा विभाग के निर्देशों और पत्राचार का जवाब देकर शासन के प्रति असहयोग जताते हुए आंदोलन किया जा रहा है। संघ की 4 मार्च को आयोजित प्रांतीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों की क्षतिपूर्ति राशि वर्ष 2000 से अब तक नहीं बढ़ाई गई है। वहीं फीस वृद्धि से संबंधित हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद भी क्षतिपूर्ति राशि में बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसी के विरोध में शिक्षा विभाग के साथ असहयोग करने का निर्णय लिया गया है। महासमुंद जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सहित जिले के निजी विद्यालय भी इस आंदोलन में शामिल हो गए हैं। इस संबंध में जानकारी जिला अध्यक्ष डॉ. जार्ज रावटे तथा ब्लॉक अध्यक्ष माधव राव टांकसाले ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी।



### बरबसपुर में त्रिदिवसीय सत्संग समारोह शुरू

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर जैतखाम चौक में 6 मार्च शुक्रवार को शाम 5 बजे सतनामी समाज के सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा संत गुरु घासीदास की पूजा अर्चना कर त्रिदिवसिय अखंड नमायण का शुभारंभ किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आयोजक समिति के सदस्य महेंद्रप्रताप सोनवानी, जयलाल ढीढी, भूपेंद्र सोनवानी, सुखचंद सोनवानी, प्रदीप बघेल ने बताया कि आसपास के और दूसरे जिले सत्संग मंडली द्वारा नमायण समारोह में सत्संग प्रस्तुत की जा रही है।

## विचार : एआई के प्रयोग से शोध में नई संभावनाएं : डॉ देवेंद्र चाफेकर

# शोध में आधुनिकता के साथ लोक परंपराओं को जीवित रखना अनिवार्य : डॉ अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में पांच दिवसीय विद्यार्थी शोधशाला का आयोजन एस्पेक्ट्स ऑफ रिसर्च मेथोडोलॉजी : टूल्स, ट्रेंड्स, एंड टेक्निक्स विषय में आयोजित है। कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ रीता पांडेय विभागाध्यक्ष इतिहास, सहायक समन्वयक डॉ ई पी चेलक विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र, आयोजक सचीव डॉ मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र, रूसा प्रभारी प्रियंका सोनवानी, विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि जागृत करना है। शुक्रवार को द्वितीय दिवस प्रथम सत्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ मालती तिवारी शोध निर्देशक, राजनीति विज्ञान ने अपने उद्बोधन में अनुसंधान का संचालन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमें शोध करने के लिए जिस विषय में हम करना चाहते है उस विषय के बारे में सही जानकारी होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि शोध से किसी विषय के बारे में नई जानकारी मिलती है। शोध से समस्याओं को समझने और उनके समाधान खोजने में मदद करता है। शोध से ज्ञान का विकास होता है। समाज, शिक्षा और विज्ञान के विकास में शोध का महत्वपूर्ण योगदान होता है। यह किसी विषय को गहराई से समझने का अवसर देता है। साथ ही डीआरसी, आरडीसी एवं पीएचडी साक्षात्कार परीक्षा के बारे में अवगत कराया।



### एआई के साथ मानवीय समझ और सावधानी भी जरूरी

तृतीय सत्र में विषय विशेषज्ञ डॉ देवेंद्र चाफेकर विभागाध्यक्ष कंप्यूटर विज्ञान, सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय नवापारा राजिम ने गुणवत्ता पूर्ण शोध में एआई - संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर कहा कि एआई शोध में बड़े डेटा को जल्दी पढ़ने और समझने में मदद करता है। यह पैटर्न और महत्वपूर्ण जानकारी ढूंढने में सहायक होता है। इससे शोधकर्ताओं का समय और मेहनत कम लगती है। लेकिन कभी-कभी एआई डेटा को सही संदर्भ में नहीं समझ पाता। इसमें एल्गोरिथ्म के कारण पक्षपात होने की संभावना रहती है। गोपनीयता और नैतिकता से जुड़ी चिंताएं भी हो सकती हैं। इसलिए एआई के साथ मानवीय समझ और सावधानी भी जरूरी है। एआई टूल्स डाटा एनालिसिस रिसर्च कंटेंट के लिए बहुत सी सुविधाएं प्रदान करता है परंतु इनका सही तरीके से उपयोग करना जरूरी है। तृतीय सत्र में उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा फीडबैक दिया गया।

द्वितीय सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद ने शोध पत्र लेखन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान युग वैज्ञानिक युग है उस वैज्ञानिक युग में अनुसंधान, अन्वेषण, खोज, रिसर्च, शोध एक महत्वपूर्ण कारक है जो समाज को एक विकसित समाज के रूप में स्थापित करता है एवं देश के विकास में अनुसंधान का ही अधिक योगदान है। अनुसंधान का आशय संधान करना है। उन्होंने अनुसंधान के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए अनुसंधान को परिभाषित करते हुए, समाज में अनुसंधान की भूमिका को बताया गया और इस युग को अनुसंधान युग कहा।

इस कार्यक्रम में डॉ दुर्गावती भारतीय, अजय कुमार राजा, प्रदीप कन्हेर, डॉ अजय कुमार देवांगन, मनबोध चौहान, दिलीप बढ़ई, आशुतोष पुरी गोस्वामी, दिलीप लहरे, मुकेश साहू, डॉ जीवनलाल चंद्राकर, डॉ गरिमा दीवान डॉक्टर जागृति चंद्राकर, मृणाली चंद्राकर, शिवानी तावेरकर, नम्रता तंबोली, प्रकाशमणि साहू, डॉ भूपेश पात्रा, डॉ कलम रेखा, रेणुका साहू, कल्याणी साहू, रोहित ढीमर, राकेश जांगड़े। इस कार्यक्रम का संचालन विजय मिर्चे एवं डॉ गरिमा दीवान और आभार प्रदर्शन डॉ मालती तिवारी एवं प्रियंका सोनवानी द्वारा किया गया।

# ढालम में 13 मार्च से गूंजेंगे हर-हर महादेव के जयकारे

**शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां पूर्ण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

निकटवर्ती ग्राम ढालम में 13 मार्च से 16 मार्च 2026 तक नवनिर्मित शिव मंदिर का भव्य 'प्राण प्रतिष्ठा' महोत्सव आयोजित होगा। चार दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान में पूजा-अर्चना के साथ-साथ प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य आचार्य पंडित क्षेत्रपाल देवता महाराज (गौरटेक वाले) होंगे। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ 13 मार्च (शुक्रवार) को दोपहर 3 बजे कलश स्थापना और पूजा आरंभ के साथ होगा।

14 मार्च (शनिवार) को स्तंभ, तोरण, द्वार पूजन, अग्नि स्थापना और धा न्य भि षे क संपन्न होगा। 15 मार्च (रविवार) को मुख्य आयोजन होगा, जिसमें विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा, हवन, भव्य नगर भ्रमण और भगवान शिव की 'विवाह बारात' निकाली जाएगी। 16 मार्च (सोमवार) को महोत्सव के अंतिम दिन मंदिर न्यास और शिखर कलश स्थापना के साथ विग्रह प्रवेश कराया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ ग्रामीणों के मनोरंजन और भक्ति रस के लिए प्रतिदिन रात्रि में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसमें सद्गुरीहा लड़की पार्टी, जय मां बंजारी गम्मत नाच पार्टी (ढालम) और 'मोर गवाई के हिरा' गम्मत नाच पार्टी (जेवरा) अपनी प्रस्तुति देंगे। मानस गान का विशेष आकर्षण के तहत 15 मार्च की रात्रि को क्षेत्र की प्रसिद्ध मानस मंडलियों के बीच भक्तिमय मुकाबला होगा। इसमें अराधना बालिका मानस मंडली (बालोद), सोनम मानस मंडली (खोखसा), कृति मानस मंडली (बेहरापाली) और रजनी मानस मंडली (सारंगढ़) अपनी गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी, महोत्सव के दौरान प्रतिदिन मीना बाजार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। समस्त ग्रामवासी और आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार इष्ट मित्रों सहित इस पुण्य आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की है। बच्चों की टोली ने भी बड़े उत्साह के साथ 'भोले बाबा की शादी' में आने का न्योता दिया है।



## महतारी वंदन योजना से मिली नई राह, गीतांजलि बनी आत्मनिर्भर

**महासमुंद।** राज्य शासन की महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में आर्थिक सशक्तिकरण की नई कहानी लिख रही है। महासमुंद जिले में महतारी वंदन योजना से 3 लाख 27 हजार महिलाएं लाभान्वित हो रही है। इस योजना से प्रेरित होकर सरायपाली विकासखंड के ग्राम डुमरपाली की निवासी गीतांजली कुमार ने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया है। गीतांजलि कुमार आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से हैं और पहले घर की जरूरतों को पूरा करने के लिए छोटे-मोटे काम करती थीं। उनका सपना था कि वे बुनकरी का काम शुरू करें, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे बुनकर मशीन खरीदने में असमर्थ थीं। तभी महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें हर माह मिलने वाली सहायता राशि ने उनके जीवन में बदलाव की शुरुआत की। गीतांजलि ने इस राशि को बचत कर एक बुनकर मशीन खरीदी और अपने गांव की महिलाओं के लिए सूती साड़ियों का निर्माण शुरू किया। आज उनका यह छोटा सा प्रयास एक छोटे व्यवसाय के रूप में विकसित हो चुका है। बुनकरी के इस कार्य से उन्हें लगभग 5000 रुपये प्रतिमाह की आय होने लगी है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। गीतांजलि बताती हैं कि इस योजना ने उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर दिया है।

# पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन के लिए हुई बैठक



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन कार्यक्रम के लिए बैठक आयोजित किया गया। खरोरा में रामनवमी के पावन अवसर पर पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन कार्यक्रम 42वां वर्ष से हो रहा है। रामायण मंडली के उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि इस वर्ष भी पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन ग्राम खरोरा के गुडी चौक में 27 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक होगा। इस बैठक में जय बजरंगबली मानस मंडली एवं गायत्री मानस मंडली के सदस्य रामायण के बारे में चर्चा किया गया। इस दौरान जय बजरंगबली मंडली के अध्यक्ष किशन लाल चंद्राकर, सचिव परमानंद चंद्राकर, कोषाध्यक्ष लता चंद्राकर, गायत्री मानस मंडली अध्यक्ष संतोषी चंद्राकर, उपाध्यक्ष कलेंद्री चंद्राकर, सचिव कुमारी बाई चंद्राकर, सदस्य मोतीराम, गजाधर, ज्ञानिक, नरेश, भूषण, ग्रामीण उपस्थित थे।

## महतारी वंदन योजना से बेटी के उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल है। इस योजना का लाभ लेकर ग्राम छिंदपाली की निवासी श्रीमती सिंधुसुता बारीक ने अपनी बेटी ख्याति बारीक के लिए सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी है। सिंधुसुता बारीक को मार्च 2024 से महतारी वंदन योजना के तहत अब तक 24,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हो चुकी है। प्राप्त राशि को उन्होंने खर्च करने के बजाय बचत के रूप में सुरक्षित रखा। अपनी बेटी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने दिसंबर 2025 में नजदीकी डाकघर में सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाता खुलवाया। वर्तमान में श्रीमती बारीक अपनी बेटी ख्याति के खाते में प्रतिमाह 1,000 रुपये जमा कर रही हैं। इस प्रकार एक वर्ष में 12,000 रुपये की बचत बेटी के खाते में जमा हो रही है। यह बचत भविष्य में बेटी की उच्च शिक्षा, आवश्यकताओं और आर्थिक सुरक्षा के लिए सहायक सिद्ध होगी।



# सरस्वती विद्या मंदिर बेमचा में धूमधाम से मनाई गई होली, बच्चों को दिए गए सनातन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बच्चों को बताई गई सनातन परंपराएं गुलाल लगाकर दी गई शुभकामनाएं

स्थानीय शिक्षण संस्थान मां सरस्वती विद्या मंदिर, बेमचा में होली का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में रंगों के साथ-साथ बच्चों को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं की जानकारी भी दी गई।



कार्यक्रम के दौरान छात्रों को होली के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज चंद्राकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत और आपसी भाईचारे का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपनी सनातन परंपराओं से जोड़ना और उन्हें आत्मसात कराना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर शिक्षकगण सुनीता ध्रुव, सीता कोसरे, ममता साहू, रूपाली चंद्राकर, प्रेमलता निर्मलकर, योगिता सेन एवं प्रियंका निर्मलकर सहित विद्यालय के सभी स्टाफ और बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और उत्साहपूर्वक पर्व मनाया।

# वृंदावन में वार्षिक खेलकूद, पुरस्कार वितरण एवं होली मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों के सम्मान व होली उत्सव का कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका उर्मिला अग्निहोत्री, अमृता चंद्राकर वर्षा चंद्राकर के द्वारा मां शारदा व भगवान कृष्ण की मूर्ति समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस वर्ष का खेल दिवस विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच साबित हुआ। पुरस्कार वितरण के दौरान कक्षा नर्सरी से 10वीं तक के छात्रों को 100 मी. रेस, सैक रेस, स्पून रेस, म्यूज़िकल चेयर, रोप-स्किपिंग, कबड्डी, खो-खो, रोप पुलिंग, क्रिकेट और अन्य एथलेटिक प्रतियोगिताओं में बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक, प्रमाण पत्र और ट्रॉफियां प्रदान की गईं। संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन ने सभी प्रतिभागियों व विजयी छात्रों के प्रयासों की सराहना की, तथा खेल को जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बताया, जो अनुशासन और टीम भावना सिखाता है। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए परिश्रम व अनुशासन को ही सफलता की कुंजी बताया, तथा बच्चों को होली त्यौहार से जुड़े कुछ पौराणिक कथाओं का वर्णन करते हुए बधाईयाँ दीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रांगण में बड़े धूमधाम व उत्साहपूर्वक फूलों व रंगों की होली खेली गई। इन अद्भुत रंगों व बच्चों की मुस्कान ने विद्यालय प्रांगण को खुशनुमा वातावरण बना दिया। कार्यक्रम के अंत में उपप्राचार्य इंदु मिश्रा ने सभी विद्यार्थी व शिक्षकगणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।





